

# घरों में नल से जल आने में जरा ज्यादा देर लगेगी

**खास बातें**

- मड़िया-बीना जल प्रदाय प्रोजेक्ट
- 219 गांवों तक नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य
- पारदर्शिता पर सवाल, बिना बताए किसानों के खोदे जा रहे खेत





नवभारत न्यूज

**विदिशा 19 अप्रैल, सरकार भले ही हर घर मे नल से जल पहुंचाने की कोशिश कर रही हो लेकिन जिस तरीके से और जिस अंदाज से प्रोजेक्ट पर काम किया जा रहा है उसके देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि अभी भी लोगों के घरों नल से जल इतनी जल्दी नहीं आने वाला है इसके लिए लोगों को अभी और भी लंबा इंतजार करना पड़ सकता है. प्रोजेक्ट का काम करने वाली कंपनी ने उन किसानों से संपर्क ही नहीं साधा जिन किसानों के खेत में से पाइप लाइन डालना थी.**

इस इस बात से पूरी तरह अंजान है कि उनके खेतों को क्यों खोदा जा रहा है उन्हें सिर्फ इतना मालूम है कि पानी की पाइप लाइन डलना है. किसानों को इस बात की भी फिक्र है कि यदि भविष्य में पानी लाइन फूट जाती है तो उनके नुकसाना की भरपाई कौन करेगा. वहीं काम में पारदर्शिता की भी कमी नजर आ रही है.ग्रामीण अंचलों में हर घर तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जल जीवन मिशन के तहत संचालित मड़िया-बीना समूह जल प्रदाय योजना जिले की महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शामिल है. इस योजना के माध्यम से 219 गांवों में नल कनेक्शन के जरिए हर घर में स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. वर्ष 2024 से शुरू हुई इस योजना की शुरुआती प्रगति धीमी रही. उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर 2024 तक भौतिक प्रगति मात्र 21.98 प्रतिशत दर्ज की गई थी. वर्तमान में कार्य में तेजी आने के संकेत मिल रहे हैं, लेकिन इसके साथ ही कार्यप्रणाली को लेकर सवाल भी उठने लगे हैं. योजना का क्रियान्वयन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है और इसे राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं में शामिल किया गया है. परियोजना के तहत बीना नदी पर मड़िया क्षेत्र के पास बांध निर्माण प्रस्तावित है, जहां से पाइपलाइन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों तक जल आपूर्ति की जाएगी. यह योजना उन गांवों के लिए बेहद अहम है, जहां अब तक पेयजल की स्थायी व्यवस्था नहीं है और लोग हैंडपंप या अस्थायी स्त्रोतों पर निर्भर हैं. वित्तीय दृष्टि से जिले में स्वीकृत 595 जल योजनाओं की कुल लागत 26,507.36 लाख रुपए है, जिसमें यह योजना भी शामिल है. इतनी बड़ी राशि खर्च होने के बावजूद कार्य की गति को लेकर सवाल उठ रहे हैं.

### बिना सूचना खेतों में खुदाई, किसानों में नाराजगी

योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के कार्य को लेकर अब विवाद की स्थिति बनती दिख रही है. आरोप है कि किसानों को बिना पूर्व सूचना दिए उनके खेतों में खुदाई की जा रही है. डाबर गांव के किसान अमर तिवारी ने बताया कि उन्हें न तो प्रशासन की ओर से कोई सूचना दी गई और न ही अनुमति ली गई. अचानक ठेकेदार खेत में खुदाई करने पहुंच गया. उन्होंने चिंता जताई कि भविष्य में ट्यूबवेल या अन्य कृषि कार्यों के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो सकती है, लेकिन इस संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई. ग्रामीणों का कहना है कि बिना अनुमति खेतों में खुदाई से फसलों और भूमि संरचना को नुकसान होने का खतरा बना हुआ है.

### अधिकारियों का पक्ष

प्रोजेक्ट मैनेजर कैलाश शेखावत ने बताया कि अनुविभागीय अधिकारी को सूचना दे दी गई है और औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं. उन्होंने कहा कि हर किसान को व्यक्तिगत रूप से सूचित करना संभव नहीं है, क्योंकि पाइपलाइन 2 से 3 फीट गहराई में डाली जा रही है. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर कर्मचारियों के साथ मारपीट की घटनाएं हुई हैं. जल निगम के असिस्टेंट इंजीनियर रामसेवक कुशवाहा ने बताया कि ठेकेदार को पंचायत और किसानों को योजना की जानकारी देकर सहमति लेने के निर्देश दिए गए हैं. उन्होंने बताया कि योजना के तहत 1200 से 1500 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जानी है और जिले में 77 पानी की टंकियां बनाई जाएंगी. डाबर गांव में भी लगभग 46 हजार लीटर क्षमता की टंकी का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे 3 से 4 गांवों को जल आपूर्ति होगी. उन्होंने यह भी कहा कि खेतों में पाइपलाइन डालने का समय सीमित होता है, इसलिए कार्य तेजी से किया जा रहा है. योजना को 2 से 3 वर्षों में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है.

### सरपंच को भी नहीं जानकारी

ग्राम पंचायत डाबर के सरपंच देवेंद्र दांगी ने बताया कि उन्हें भी इस कार्य की कोई पूर्व जानकारी नहीं दी गई. उन्होंने बताया कि कंपनी के कर्मचारी केवल इतना बता रहे हैं कि दूरस्थ क्षेत्र से पाइपलाइन डाली जा रही है और पथरी इलाके में बड़ी पानी की टंकी बनाई जाएगी.

### पारदर्शिता और सहमति की मांग

लगभग दो वर्षों से संचालित इस योजना में अचानक तेज हुई गतिविधियों और सूचना के अभाव को लेकर पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं. स्थानीय लोगों ने मांग की है कि प्रशासन पहले प्रभावित किसानों को जानकारी दे, उनकी सहमति ले और संभावित नुकसान की भरपाई व सुरक्षा उपायों को स्पष्ट करे.



## खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन डंपर व ट्रैक्टर-ट्राली जप्त

**खनिज विभाग की टीम ने की कार्यवाही**

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 19 अप्रैल, कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में अवैध खनिज उत्खनन व परिवहन के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा कार्यवाही जारी है. प्रभारी अधिकारी खनिज शाखा एवं खनिज निरीक्षक विदिशा द्वारा शनिवार को सिरोंज तहसील के ग्राम कस्बाताल में खनिज गिट्टी का अवैध रूप से परिवहन करते पाए जाने पर एक डंपर एवं ट्रैक्टर-ट्राली को जप्त कर पथरिया थाना में सुरक्षार्थ रखा गया.**

प्रभारी खनिज अधिकारी ने बताया कि खनिज विभाग की टीम द्वारा संबंधित के विरुद्ध प्रकरण तैयार कर आगामी कार्यवाही की जा रही है. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध उत्खनन के खिलाफ इस प्रकार की कार्यवाही लगातार जारी रहेगी.

## विदिशा मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन

नवभारत न्यूज

**विदिशा.** मास्टर्स एथलेटिक्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन निर्विरोध रूप से दिनांक 16.04.26 को फूड पार्क रेस्टोरेंट में किया गया. इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित रहे.कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में रुद्र प्रताप सिंह, नारायण सिंह कुशवाहा, अशोक खरे एवं गिरीश सक्सेना के नाम तय किए गए. अध्यक्ष पद पर शिव कुमार लोधी निर्विरोध रूप से चुने गए. सचिव के रूप में श्री नारायण सिंह तोमर एवं कोषाध्यक्ष के रूप में महेंद्र सिंह राजपूत को नियुक्त किया गया. संगठन के विभिन्न पदों जैसे संयोजक, उपाध्यक्ष, तकनीकी सलाहकार एवं मीडिया प्रभारी के पदों पर भी विभिन्न खिलाड़ियों का चयन किया गया.इस अवसर पर उपस्थित सभी खिलाड़ियों ने संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प लिया.

### न्यायाधीश के स्थानांतरण पर दी विदाई

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** अभिभाषक संघ सिरोंज ने न्यायाधीश अंकिता जैन के स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह आयोजित किया. इस अवसर पर सिरोंज अभिभाषक संघ द्वारा उनका सम्मान किया गया. इस दौरान सिरोंज अभिभाषक संघ अध्यक्ष कपिल त्यागी, हेमेंद्र श्रीवास्तव, सचिन शर्मा, राजकुमार शर्मा, अशोक शर्मा, मनोहर रघुवंशी, काशीराम रघुवंशी, अशोक कुमार निगम, ओमबाबू भार्गव, अवध नारायण श्रीवास्तव, अमित रघुवंशी, जाहिद खान, दीपेश राजपूत, शाहिद सहित सिरोंज अभिभाषक संघ के सदस्य मौजूद रहे.

## भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर ब्राह्मण मैत्री महिला मंडल के विविध कार्यक्रम संपन्न

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** ब्राह्मण मैत्री महिला मंडल द्वारा अग्रवाल धर्मशाला स्थित तारा देवी हॉल में भगवान श्री परशुराम जी की जयंती के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए . कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई जिसमें मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राकेश शर्मा एवं संयोजक श्रीमती रितु देवलिया सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं . श्री महाकाल संस्कृत पाठशाला के बटुकों द्वारा स्वस्तिवाचन किया गया जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया.इस दौरान ब्राह्मण महापंचायत एवं परशुराम सेवा दल की शोभायात्रा से जुड़े संयोजक विजय दीक्षित, प्रशांत शर्मा, अभिनय तिवारी, शुभम शर्मा, सुजीत देवलिया सहित अन्य की उपस्थिति रही . सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रोमा अधिकारी डांस ग्रुप एवं पूनम शर्मा डांस ग्रुप द्वारा आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए गए .




महिला सशक्तिकरण पर आधारित नाट्य मंचन और कामेष्टि यज्ञ की प्रस्तुति ने सभी को प्रभावित किया .बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही . कार्यक्रम में लगे स्टॉल पर खाद्य सामग्री, हस्तशिल्प और पारंपरिक वस्तुओं की बिक्री हुई .

## युवक ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट भी मिला

नवभारत न्यूज

**कुरवाई. ग्राम भौंरासा में एक 40 वर्षीय युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है. मृतक की पहचान बीरबल सहरिया के रूप में हुई है, जिसका शव उसके ही घर में संदिग्ध अवस्था में पाया गया.**

घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए. पुलिस के अनुसार मृतक के गले में रस्सी बंधी हुई थी, जिससे प्रथम दृष्टया मामला फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है. मौके की तलाशी के दौरान उसकी जेब से एक डायरी भी बरामद की गई, जिसमें कथित रूप से उसने अपनी मौत के कारणों का उल्लेख किया है. हालांकि पुलिस डायरी में लिखी बातों की पुष्टि कर रही है. सूचना मिलने पर कुरवाई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया. टीआई पंकज गीते ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है. पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर पूरे मामले की जांच की जा रही है. अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर ही घटना के कारण स्पष्ट हो सकेंगे.



## वाहन चेकिंग अभियान में सख्ती 80-85 हजार के चालान काटे गए

नवभारत न्यूज

**त्योंदा, थाना त्योंदा बांगरोद चौकी पर न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया . अभियान के दौरान ओवरलोडिंग ट्रक और बसों सहित कई वाहनों को रोककर जांच की गई .**

नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए . बैरीकेट लगाकर वाहनों की सघन जांच की गई और लगभग 80 से 85 हजार रुपए के चालान वसूले गए .न्यायिक मजिस्ट्रेट ने स्पष्ट कहा कि यातायात नियमों का पालन अनिवार्य है और ओवरलोडिंग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी . उन्होंने लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि नियम तोड़ने वालों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी .इस दौरान थाना त्योंदा का पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ मौजूद रहा . पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने वाहनों की जांच कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मौके पर ही कार्रवाई की .पुलिस अधीक्षक ने भी बताया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा . उन्होंने आमजन से अपील की कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा में सहयोग दें .


विकास पचौरी रेडियो

84 35 250 250

मोबाइल के प्ले स्टोर पर

Vikas Pachori Radio

टाइप करके इंस्टॉल कीजिए

और लगातार 24 घण्टे आनंद लीजिए.


## अतिक्रमण से संकरी हुई सड़क, जाम की समस्या बनी गंभीर

नवभारत न्यूज

**आनंदपुर. नगर में सड़क किनारे बढ़ते अतिक्रमण ने आमजन का जीवन प्रभावित कर दिया है. दुकानदारों द्वारा नालियों पर पक्की सीढ़ियां और प्लेटफॉर्म बना लेने से नालियों की सफाई बाधित हो रही है, जिससे गंदा पानी जमा हो रहा है और मलेरिया सहित अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ गया है.**



सड़क के दोनों ओर हुए अतिक्रमण से मार्ग संकरा हो गया है. मंडी के समय ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के निकलने में दिक्कत होती है और कई बार वाहनों के फंसने से लंबा जाम लग जाता है. वहीं दुकानों के सामने खड़ी मोटरसाइकिलें यातायात को और बाधित कर रही हैं. जानकारी के अनुसार कुछ व्यापारियों ने दुकानों के आगे की जगह किराए पर दे दी है, जहां ठेले और छोटे व्यवसाय संचालित हो रहे हैं. इससे व्यापारियों को आर्थिक लाभ हो रहा है, लेकिन आम लोगों को अव्यवस्था और जाम का सामना करना पड़ रहा है. पूर्व में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी, लेकिन कुछ समय बाद स्थिति फिर पहले जैसी हो गई. स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि लगातार शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है. उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है.

## नप अध्यक्ष के प्रयास से प्रतिमा स्थल पर लौटी रौनक

नवभारत न्यूज

**सांची. नगर के बसस्टैंड परिसर में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल अब नए रूप में नजर आ रहा है. नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम के प्रयासों से यहां आकर्षक स्टील रेलिंग लगाई गई है, जिससे प्रतिमा की सुरक्षा बढ़ने के साथ-साथ परिसर की सुंदरता भी निखर गई है.** पहले प्रतिमा साधारण चबूतरे पर होने के कारण आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता था और असामाजिक तत्वों से नुकसान की आशंका बनी रहती थी. इस समस्या को देखते हुए पहले नया भव्य चबूतरा बनाकर प्रतिमा स्थापित की गई और अब चारों ओर रेलिंग लगाकर इसे सुरक्षित किया गया है. सांची विश्वस्तरीय पर्यटन एवं बौद्ध तीर्थ स्थल होने से यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं. ऐसे में इस कार्य से न केवल श्रद्धालुओं की भावनाओं को सम्मान मिला है, बल्कि नगर की छवि भी बेहतर हुई है.



## जनगणना के तहत मकान सूचीकरण कार्य जारी

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** सिरोंज में जनगणना के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण के तहत एक प्रेरणादायक पहल देखने को मिली. विधायक उमाकांत शर्मा ने अपने आवास स्थित कार्यालय में स्वगणना पूर्ण कर लोगों को अपने मकानों की स्व गणना करने के लिए प्रेरित किया. इस दौरान जनगणना के जिला स्तरीय फ़ील्ड ट्रेनर मनोज शर्मा, प्रगणक सुधीर जैन, जनगणना सुपरवाइजर अखिलेश मार्को, जनगणना आपरेटर हेमंत शर्मा आदि मौजूद रहे.

## बाबुल का आंगन छोड़ पिया के घर पहुंचीं बेटियां,200 जोड़े हुए एक दूजे के

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत सिरोंज में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन में 200 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ. इस दौरान 152 जोड़ों का हिंदू रीति रिवाज से विवाह तथा 48 जोड़ों का निकाह संपन्न हुआ. कार्यक्रम में कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर वर वधुओं को आशीर्वाद दिया. कार्यक्रम स्थल पर प्रशासन द्वारा भोजन, पानी, आवास और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे.



**गर्मी** | **बाजारों में मौजूद हैं कई तरह के आकर्षक मटके, मटकों पर भी दिख रहा महंगाई का असर**

## गर्मी में कंठ की प्यास बुझाने मटकों की बढ़ी मांग

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, क्षेत्र में जैसे-जैसे गर्मी में बढ़ोत्तरी हो रही है. शहर में गर्मी में कंठ की प्यास बुझाने के लिए देशी फ्रिज मटकों की बिक्री भी बढ़ गई है. वहीं इस बार मटकों एवं मिट्टी से बने बर्तनों पर बीते वर्ष की तुलना में महंगाई का असर दिख रहा है.**

क्षेत्र में इन दिनों गर्मी ने असर दिखना शुरू कर दिया है. तापमान में वृद्धि दिखाई दे रही है. लोग गर्मी से राहत पाने के लिए कूलर, पंखों, फ्रिज आदि का सहारा ले रहे हैं. ऐसे में गर्मी में कंठ की प्यास बुझाने के लिए लोग देशी फ्रिज कहे जाने वाले मटकों का भी सहारा ले रहे हैं.



शहरी एवं ग्रामीण अंचल में गर्मी के मौसम में आज भी बड़ी तादाद में लोग ठंडे पानी के लिए पारंपरिक मटकों का उपयोग करते हैं. ऐसे में बाजार में मटकों की बिक्री में भी वृद्धि हुई है. लोग बाजारों से विभिन्न तरह के आकर्षक मटकें खरीदकर ले जा रहे हैं. शहर में तालाब रोड, कस्टम रोड, लटेरी रोड आदि कई जगहों पर मटकों की बिक्री की दुकानें लगी दिखाई देती हैं.

### मटकों के दामों में 10 फीसदी तक की बढ़ोत्तरी

इस बार मटकों एवं मिट्टी के बर्तनों के दामों पर भी महंगाई का असर दिख रहा है. मटका विक्रेता राजेश प्रजापति बताते हैं कि बीते वर्ष की तुलना में इस बार मटकों के दामों में करीब 5 से 10 फीसदी की बढ़ोत्तरी हुई है. इस बार बाजार में 60 रुपये से लेकर 400 रुपये तक के मटके मौजूद हैं. अन्य शहरों से आने वाला मिट्टी का सामान भी कम उपलब्ध होने एवं लागत में बढ़ोत्तरी होने से मटके एवं मिट्टी से बने बर्तनों के दामों में वृद्धि दिखाई दे रही है.

**बाजार में मौजूद है आकर्षक मटके**

इन दिनों बाजार में विभिन्न तरह के आकर्षक मटके बिक्री के लिए मौजूद है. कई मटकें आकर्षक डिजाइन वाले, तो कई टोंटीदार मटकें बाजार में मौजूद हैं. लोगों को टोंटीदार मटके ज्यादा आकर्षित कर रहे हैं. लोग अपनी जरूरत के हिसाब से इन मटकों को खरीदकर अपने घरों एवं दुकानों पर ले जा रहे हैं.

## भाजपा ने रखा संगोष्ठी सम्मान समारोह

नवभारत न्यूज

**विदिशा. जिला भाजपा कार्यालय में संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर जी सम्मान अभियान के तहत संगोष्ठी आयोजित की गई. कार्यक्रम में बाबा साहेब के सामाजिक न्याय और वंचित वर्ग के सशक्तिकरण में दिए गए योगदान को याद किया गया.**

मुख्य वक्ता विधायक मुकेश टंडन ने कहा कि भाजपा ने बाबा साहेब के विचारों को राष्ट्र निर्माण और सामाजिक समरसता से जोड़ते हुए विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में महत्वपूर्ण स्थान दिया है.



उन्होंने बताया कि पार्टी ने पंचतीर्थ विकसित किए हैं और 2015 से 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है. साथ ही प्रदेश में गरीबों और पिछड़ों के लिए कई योजनाएं संचालित हैं. जिला मीडिया प्रभारी डॉ. राहुल जैन ने बताया कि 14 अप्रैल को राष्ट्रीय समरसता दिवस के रूप में मनाया जाता है और दिल्ली स्थित उनके निवास को राष्ट्रीय स्मारक बनाया गया है. कार्यक्रम में अनिल सोनकर, पंकज पांडे सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे.